00879

# रेडियो प्रसारण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम

## (PGDRP)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर , 2010

## एम.आर.पी.-003 : रेडियो लेखन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. कहानी के रेडियो रूपान्तरण में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान का वर्णन करें। 20

**अथवा**

रंगनाटक और रेडियो नाटक के बीच के अंतर को स्पष्ट करें।

2. रेडियो के ग्रामीण कार्यक्रमों का प्रयोजन स्पष्ट करें। इन कार्यक्रमों के संभावित विषयों का वर्णन करें। 20

**अथवा**

रेडियो के बाल कार्यक्रमों की भाषा और उनके विषयों पर चर्चा करें।

3. नीचे दिए गए (परिशिष्ट–1) समाचारों के आधार पर रेडियो के लिए एक समाचार बुलेटिन तैयार करें। 20

(परिशिष्ट –1 की सामग्री)

## परिशिष्ट I

(a) बेंगलूर। दक्षिण में भाजपा की पहली सरकार की स्थिरता पर बगावत के गंभीर खतरे का सामना कर रहे कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येद्दियुरप्पा ने बुधवार को चार बागी मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया।

बागी नेता पीएम नरेंद्रस्वामी का राज्यपाल से मिलने के बाद दावा कि 21 विधायकों ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। इसबीच कर्नाटक के राज्यपाल एच आर भारद्वाज ने मुख्यमंत्री बी.एस. येद्दियुरप्पा को 12 अक्टूबर को या इससे पहले विधानसभा में बहुमत साबित करने का निर्देश दिया। वहीं, येद्दियुरप्पा ने विपक्षी कांग्रेस और ज.द.एस. पर अपनी सरकार को गिराने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल एच आर भारद्वाज से अपने मंत्रिमंडल के चार सदस्यों शिवराज थंगादागी, वेंकटरामनप्पा, पी.एम. नरेंद्रस्वामी तथा डी सुधाकर को बर्खास्त करने की सिफारिश की। चारों बर्खास्त मंत्री निर्दलीय विधायक हैं जिन्होंने मई 2008 के चुनाव में भा.ज.पा. को बहुमत न मिलने पर समर्थन दिया था।

उन्होंने कहा कि दो तीन मंत्रियों को इस्तीफा देने के लिए कहा जाएगा, ताकि मंत्रिंडल में जल्द ही पाँच से छह नए चेहरों को शामिल किया जा सके। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि विधानसभा में सवाल उठने पर भाजपा सरकार लोगों के जनादेश के अनुसार, अपना बहुमत साबित कर देगी।

(b) नई दिल्ली। स्टार निशानेबाज गगन नारंग ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की व्यक्तिगत 10 मी. एयर राइफल स्पर्धा में 703.6 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। साथ ही ओंकार सिंह ने भी 10 मी. पिस्टल एकल पुरुष स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि बीजिंग ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने 698 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

नारंग ने क्वालीफाइंग राउंड में 600 का परफेक्ट स्कोर बनाकर अपने ही रिकार्ड की बराबरी की और फाइनल्स में 103 अंक बनाए। बिंद्रा की शुरुआत हालांकि थोड़ी धीमी रही। वह क्वालीफाइंग राउंड में 99.98 का स्कोर बनाने के बाद थोड़े परेशान थे ओर उन्होंने कोच से बात की। जिसका उन्हें फायदा मिला, फिर उन्होंने 100.98, 100 और 100 का स्कोर बनाया। फाइनल्स में उन्होंने 103 का स्कोर बनाया।

इंग्लैंड के जेम्स हकल ने इस स्पर्धा में 693.5 (क्वालीफाइंग 591 और फाइनल्स 102.5) का कांस्य पदक जीता। नारंग और बिंद्रा ने मिलकर पेयर्स स्पर्धा में मंगलवार को भारत को स्वर्ण पदक दिलाया था।

(c) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल पुराने प्रियदर्शिनी मट्टू दुष्कर्म एवं हत्या मामले में संतोष कुमार सिंह को दोषी ठहराए जाने के फैसले को बरकरार रखा, लेकिन उसकी मौत की सजा को यह कहते हुए उम्रकैद की सजा में तब्दील कर दिया कि कुछ बातें उसके पक्ष में जाती हैं।

न्यायमूर्ति एच. एस. बेदी और न्यायमूर्ति सी. के. प्रसाद की पीठ ने कहा कि उसे दोषी ठहराए जाने का फैसला यथावत है। बहरहाल, पीठ ने कहा कि हमारे विचार से, कुछ बातें निश्चित रूप से अपीलकर्ता (सिंह) के पक्ष में हैं। हम उसकी मौत की सजा को उम्रकैद की सजा में परिवर्तित कर रहे हैं।

पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के पुत्र सिंह को दिल्ली हाईकोर्ट ने निचली अदालत द्वारा बरी किए जाने के फैसले को निरस्त करते हुए दोषी ठहराया था और उसे मौत की सजा सुनाई थी। सिंह ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सिंह की अपील पर सुप्रीमकोर्ट ने 29 जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

दिल्ली विश्वविद्यालय में विधि के छात्र सिंह ने इसी संकाय की तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियदर्शिनी के साथ जनवरी 1999 में दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी थी। निचली अदालत ने तीन दिसंबर 1999 को सिंह को बरी कर दिया था, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट ने 27 अक्टूबर 2006 को निचली अदालत का फैसला पलटते हुए उसे दुष्कर्म एवं हत्या का दोषी ठहराया।

सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में सिंह की मौत की सजा बरकरार रखने का अनुरोध करते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने उसे दोषी साबित करने वाले सबूतों पर विचार कर उन्हें सही पाया था।

(d) वाशिंग्टन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने औद्योगिक उत्पादन में उछाल तथा बेहतर व्यापक आर्थिक प्रदर्शन के चलते 2010 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत तथा अगले वित्त वर्ष में 8.4 प्रतिशत हरने का अनुमान लगाया है।

आईएमएफ की वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रपट में हालांकि यह भी कहा गया है कि साम्यवादी देश चीन की आर्थिक वृद्धि दर इस दौरान क्रमशः 10.5 प्रतिशत तथा 9.6 प्रतिशत रहेगी। रपट के अनुसार इस दौरान विकसित अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर 2.7 प्रतिशत एवं 2.2 प्रतिशत भर रहेगी। वर्ष 2010 में वैश्विक व्यापार में 4.8 प्रतिशत तथा 2011 में 4.2 प्रतिशत बढ़ोत्तरी का अनुमान है। आईएमएफ ने कहा है कि भारत का व्यापक आर्थिक प्रदर्शन शानदार रहा है जिसमें औद्योगिक उत्पादन दो साल की ऊँचाई पर है। इसी तरह उत्पादन विनिर्माझ सूचकांक के साथ-साथ व्यापार एवं उपभोक्ता विश्वास को आंकने वाले अन्य सूचकांक भी काफी अच्छे हैं। इसके अनुसार, बेहतर घरेलू मांग के चलते वृद्धि दर 2010 में 9.7 प्रतिशत तथा 2011 में 8.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके अलावा कारपोरेट मुनाफा बढ़ने तथा अनुकूल बाह्य वित्तपोषण से निवेश को बढ़ावा मिलेगा। विश्व आर्थिक परिदृश्य में कहा गया है कि

उदीयमान आर्थिक अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर लगभग 8.5 प्रतिशत है और चीन, भारत तथा इंडोनेशिया के अच्छी माँग का लाभ अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं को भी मिल रहा है।

आईएमएफ ने कहा है कि चीन में ऋण विस्तार तथा घरेलू आय तथा खपत बढ़ाने के लिए उठाए गए अनेक कदमों से घरेलू माँग वृद्धि दर 2009 में लगभग 13 प्रतिशत हो गई। इससे देश के चालू खाता अधिशेष में काफी कमी आई है। इसके अनुसार वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार स्थिर हो रहा है तथा सार्वजनिक राहत पैकेज से निजी क्षेत्र की अगुवाई वाली वृद्धि की और बढ़ा जा रहा है। लातिन अमेरिका में भी अच्छा सुधार देखने को मिला है जहाँ वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर लगभग सात प्रतिशत है।

(e) नई दिल्ली। विधि मंत्रालय ने बाल श्रम कानून में संशोधन के ऐसे प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जिसके तहत कुछ स्वास्थ्य की दृष्टि से खतरनाक क्षेत्रों में 18 वर्ष से कम की उम्र के बच्चों से काम कराने की अनुमति नहीं होगी। यह जानकारी सुत्रों ने दी।

श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय के सूत्रों ने कहा बाल श्रम निषेध एवं नियमन कानून, 1986 में पिछले काफी समय से संशोधन की जरूरत महसूस की जा रही थी। सरकार बाल श्रम से जुड़े मामलों को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप लाना चाहती है। वर्तमान कानून के तहत 14 साल के कम की उम्र के बच्चों से खतरनाक उद्योगों में काम कराने की अनुमति नहीं है।

(f) कोपियापो (चिली) चिली की एक खदान में गत पाँच अगस्त से फंसे 33 मज़दूरों को बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान के अंतिम चरण की तैयारियाँ शुरू कर दी गई है।

उत्तरी चिली की सैन जोस खदान में करीब 700 मीटर नीचे मौजूद खनिकों तक पहुँचने के लिए मंगलवार को तीन मशीनों से खुदाई का काम जारी रखा गया। खदान के पास स्थित कैंप होप में खान मज़दूरों के रिश्तेदारों ने मंगलवार को पुलिस की गश्ती वाहन का सायरन बजाकर अपनी खुशी का इज़हार किया।

खदान में फंसे डेविड़ हेरेरा की बहन कार्ला हेरेरा ने बताया कि गत 22 अगस्त का दिन 'सबसे भावुक' क्षण था, जब सब लोगों को यह जानकारी मिली कि खदान में फंसे सभी खनिक 17 दिन बाद भी जिंदा है। खदान में मज़दूरों तक पहुँचने के लिए टी-130 मशीन से खुदाई की जा रही है। यह मशीन खनिकों तक सबसे पहले पहुँचने की स्थिति में है। इसने मंगलवार को 466 मीटर खुदाई की।

मुख्य अभियंता आंद्रे साउगैरेट ने बताया कि पत्थर की कठोरता के मद्देनज़र खुदाई करने वाली टीम ने सुरंग के व्यास को कम किया है। सुरंग का काम पूरा हो जाने पर विशेषज्ञ इसे सुरक्षित बनाने के लिए इसमें स्टील की चादर डालने का काम शुरू करेंगे। साउगैरेट ने पत्रकारों से बताया कि अंतिम रूप से तैयार सुरंग के रास्ते को लेकर हमें विभिन्न विकल्पों की समीक्षा करनी है।

4. सिरदर्द में आराम पहुँचाने वाले एक ठंडे तेल और बच्चों के एक साबुन के रेडियो विज्ञापन (30 - 30 सेकेंड) का आलेख (स्क्रिप्ट) तैयार करें। 20

**अथवा**

रेडियो पर प्रसारित होने वाली जनसेवा सूचनाओं की प्रस्तुति के विविध रूपों का उल्लेख करें। प्रस्तुति के प्रत्येक रूप के लिए एक-एक जनसेवा सूचना का आलेख (स्क्रिप्ट) तैयार करें।

5. एड्स (AIDS) के बारे में जानकारी देने वाले एक रेडियो फीचर (10 मिनट) का आलेख (स्क्रिप्ट) तैयार करें। 20

**अथवा**

मज़दूरों के लिए 10 मिनट के एक रेडियो कार्यक्रम का आलेख तैयार करें।